# दिनांक–11.06.2020, दिनांक–12.06.2020 एवं दिनांक–15.06.2020 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः– Annexure- A**

दिनांक–11.06.2020, दिनांक–12.06.2020 एवं दिनांक–15.06.2020 को राजभवन, पटना में माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में बिहार के विश्वविद्यालयों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु दिनांक– 11.06.2020 एवं दिनांक– 12.06.2020 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तथा दिनांक– 15.06.2020 को राजभवन में कुलपतियों के साथ बैठक आहूत की गयी जिसमें माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव, सम्बन्धित विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा बैठक में भाग लिया गया।

माननीय कुलाधिपति की अनुमति से प्रधान सचिव द्वारा सभी कुलपतियों एवं विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया एवं उक्त विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त हुआ।

प्रधान सचिव ने पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन, एकेडमिक कैलेण्डर, रूकी हुई परीक्षा, शैक्षणिक सत्र, शैक्षणिक सत्र नियमित करने एवं रूकी हुई परीक्षाफल प्रकाशित करने, स्नातक एवं स्नात्तकोत्तर में छात्रों का नामांकन एवं पंजीकरण, विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के खाली पदों की जानकारी राज्य सरकार को देने, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों के पदो के युक्तिकरण, राज्य के विश्वविद्यालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा देने, NAD प्रणाली को लागू करने, बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2020 एवं उक्त सभी विश्वविद्यालयों से संबंधित कुलाधिपति के यहाँ लंबित अपील के निष्पादन इत्यादि पर प्रकाश डाला ।

## संक्षिप्त परिचय के पश्चात् पूर्व से निर्धारित कार्यसूची के अनुरूप समीक्षा की गयी जो निम्न प्रकार है–

### I. Academic Calendar / Pending Examinations / Regularization of session / Pending Results.

सभी उपस्थित कुलपतियों द्वारा यह बताया गया कि मार्च, 2020 में उनके विश्वविद्यालयों की परीक्षा चल रही थी लेकिन COVID-19 लॉकडाउन के कारण

परीक्षायें स्थगित करनी पड़ी। स्थगित की गई परीक्षा यू0जी0सी0 के नये गाइडलाइन के आलोक में माह जुलाई, 2020 से आरम्भ की जाएगी।

माननीय कुलाधिपति ने निदेश दिया कि इन सभी परीक्षाओं को पूर्ण करते हुए माह सितम्बर–अक्टूबर, 2020 तक इन सभी परीक्षाओं का परीक्षाफल प्रकाशित करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही अगले शैक्षणिक सत्र की परीक्षा अप्रैल, 2021 एवं परीक्षाफल प्रकाशन जून, 2021 तक पूरी कर ली जाय ।

## II. Admission and Registration Process adopted in UG/ PG Courses

### A. Admission & Registration Process Flow

### B. Is Admission taken more than seat strength (or intake capacity) in a course ? If yes, please mention the reason.

विश्वविद्यालयों द्वारा इसकी सूचना देते हुए बताया गया कि नए सत्र् हेतु नामांकन की प्रकिया 15 जून, 2020 से शुरू की जाएगी। पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय ने बताया कि हमारे यहाँ नामांकन के साथ ही साथ पंजीकरण की प्रक्रिया भी अपनायी जाएगी। सी.बी.एस.इ. की 12वीं का परीक्षाफल प्रकाशन नहीं होने के कारण स्नातक–स्तर में नामांकन प्रकिया 31 अगस्त, 2020 तक पूरा करना प्रस्तावित है।

माननीय कुलाधिपति ने निदेश दिया कि राज्य के कई विश्वविद्यालयों में सीट से अधिक नामांकन हो गया है, जिसे अगले शैक्षणिक सत्र में किसी भी हालत में नहीं दुहराया (Repeat) जाय और साथ ही जिस किसी भी महाविद्यालय में ऐसी स्थिति पैदा हुई है उस संबंध में महाविद्यालय के प्राधानाचार्य से स्पस्टीकरण पूछा जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया में अलग–अलग विश्वविद्यालय में अलग–अलग प्रणाली यथा सामान्य प्रवेश परीक्षा (CAT) एवं आंतरिक परीक्षा आयोजित करने के बिन्दु पर अलग से परिचर्चा की जाएगी ।

## III. Examination Process Flow.

सभी विश्वविद्यालयों द्वारा अपने परीक्षा कार्यकम के संबंध में बताया गया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के समय विधार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति देखी जाती है और उसके उपरांत परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है। कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा स्नातक की परीक्षा की कॉपी अन्य विश्वविद्यालयों में भेजकर जाँच करायी जाती है और उसी मूल्यांकन के आधार पर परीक्षाफल तैयार किया जाता है। कतिपय विश्वविद्यालयों में इस प्रकिया से नहीं होता। इस बिन्दु पर अलग से एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने की आवश्यकता बतायी गयी ।

माननीय कुलाधिपति ने निर्देश दिया कि मूल्यांकन की प्रक्रिया बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में एक जैसी होनी चाहिए इसके लिए अलग से कमिटि बनाकर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था हेतु अनुशंसा प्राप्त की जाए ।

## IV. Status of NAAC accreditation in Colleges/ Universities.

विश्वविद्यालयों द्वारा बताया गया कि कई महाविद्यालयों का NAAC accreditation किसी कमी के कारण नहीं हो पा रहा है। NAAC द्वारा जारी किये गये गाईडलाइन के मुताबिक IIQA एवं SSR नहीं होने के कारण ऐसा हो रहा है।

माननीय कुलाधिपति ने निदेश दिया कि इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द IIQA एवं SSR अपलोड किया जाय ताकि NAAC Accreditation का कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाय। कुलपतियों को College-wise Action Plan With Techniques भेजने का सुझाव दिया गया है । इसके लिए सभी कुलपति अपना Action Plan एक सप्ताह के अन्दर प्रेषित करेंगे ।

## V. Submission of vacancy position of Assistant Professor to the State Government.

बैठक में कई विश्वविद्यालयों द्वारा बताया गया कि रोस्टर तैयार करके प्रमंडलीय आयुक्त के यहाँ भेज दिया गया है वहाँ से आने के उपरांत उसे शिक्षा विभाग भेज दिया जाएगा।

माननीय कुलाधिपति महोदय ने निदेशित किया कि रोस्टर क्लियरेंस करा कर सहायक प्रोफेसर के रिक्ति की सूचना शिक्षा विभाग को भेजने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की है इस संदर्भ में कुलपतियों के द्वारा बताया गया कि रोस्टर क्लीयरेंस में कठिनाई हो रही है । बैठक में उपस्थित निदेशक, उच्च शिक्षा के द्वारा बताया गया कि संबंधित आयुक्त/ सामान्य प्रशासन विभाग/ विश्वविद्यालय की संयुक्त बैठक कर यथाशीघ्र रोस्टर क्लीयरेंस करा लिया जाएगा । माननीय कुलाधिपति ने सभी कुलपतियों को निदेशित किया कि शिक्षा विभाग की उक्त बैठक में यथाशीघ्र रोस्टर क्लीयरेंस प्राप्त कर रिक्ति की सूचना भेजे ।

## VI. Online Education during Lockdown due to COVID-19 including weekly reports.

विश्वविद्यालयों द्वारा बताया गया कि COVID-19 लॉकडाउन के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन पाठयक्रम चलाया गया एवं साथ ही ई–कंटेंट भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया।

माननीय कुलाधिपति ने इसकी सराहना की परन्तु यह भी बात प्रकाश में आया कि Intractive Classes की संख्या बहुत कम है और साथ ही निदेश दिया कि इसे आगे भी जारी रखा जाए साथ ही यह निदेशित किया कि अब मात्र लॉकडाउन अवधि हेतु ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से Online Education को offline Education के साथ जारी रखना होगा । इस हेतु विश्वविद्यालय E-content तैयार करेंगे। विषयवार विशेषज्ञों की टीम गठित किया जाए एवं अपलोडेड E-content की समीक्षा एवं ग्रेडिंग की जाय । एक ही विषय पर यदि किसी अन्य विश्वविद्यालय के E-content अच्छे हो तो उसे भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने हेतु अपने Website पर अपलोड करें ।

**VII. Rationalization of Teachers in colleges based on total no. of enrolled students to maintain teacher- student ratio.**

विश्वविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना से यह ज्ञात हुआ कि कई महाविद्यालयों में शिक्षक और विद्यार्थियों का अनुपात बहुत अधिक है तो कहीं यह अनुपात काफी कम है।

माननीय कुलाधिपति ने निदेशित किया कि कुलपति यह सुनिश्चित करें कि जिस महाविद्यालय में शिक्षक और विद्यार्थी का अनुपात बहुत कम है तो कुछ शिक्षकों को वहाँ स्थानान्तरित करते हुए वैसे महाविद्यालयों से प्रतिनियुक्त किया जाय जहाँ यह अनुपात काफी अधिक है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि चूँकि विषयवार शिक्षक होते हैं अतएव विषयवार शिक्षक एवं विद्यार्थियों के अनुपात का डाटा तैयार कर Rationalization करें ।

**VIII. Creation of Video Conferencing facility in all the Universities of Bihar.**

किसी भी विश्वविद्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा नहीं होने के कारण वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए जिला के एन.आई.सी. में जाकर वीडियो कांफ्रेंसिंग करना पड़ता है।

माननीय कुलाधिपति ने यह निदेश दिया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा विश्वविद्यालय अपने यहाँ स्थापित कर लें ताकि भविष्य में वीडियों कांफ्रेंसिंग हेतु दूसरे जगह जाने की आवश्यकता नहीं हो। इसके लिए एक माह के अन्दर कार्रवाई पूर्ण किया जाय ।

**IX. Adoption of National Academic Depository (NAD)/ DIGILOCKER.**

विश्वविद्यालयों द्वारा जो सूचना उपलब्ध करायी गयी उसमें National Academic Depository के माध्यम से विद्यार्थियों को मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं, परंतु आंकड़ें संतोषजनक नहीं हैं।

माननीय कुलाधिपति ने यह निदेश दिया कि National Academic Depository की प्रक्रिया काफी पहले से चल रही है और पूर्व की बैठकों में भी इस पर तीव्र कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया था परन्तु ये आंकड़े संतोषप्रद नहीं हैं और इस दिशा में और तीव्र कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**X. Status of pending reports in appeal in the Court of Hon'ble Chancellor.**

विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा बताया गया कि कुलाधिपति कार्यालय में लंबित वादो का प्रतिवेदन विश्वविद्यालय से मांगा गया था जिसपर कार्रवाई प्रकियाधीन है और जल्द ही प्रतिवेदन कुलाधिपति कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**निर्धारित कार्यसूची की समीक्षा के उपरांत माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने सम्बोधन में निम्न विन्दुओं पर प्रकाश डाला गया–**

1. कोरोना महामारी के उपरांत हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस महामारी के उपरांत हर क्षेत्र में बदलाव आ रहे हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव करना आवश्यक है।
2. राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम की दिशा में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि लॉकडाउन होने के कारण शैक्षणिक सत्र का सिलेबस पूरा नहीं हो पाया है और बिना परीक्षा के अगले वर्ग में प्रोन्नत भी नहीं किया जा सकता है।
3. राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में सिलेबस सही समय पर पूरा करने के लिए प्रत्येक दिवस में कार्यावधि में बढ़ाने पर विचार भी किया जा सकता है।
4. माननीय कुलाधिपति ने यह भी आदेश दिया कि यदि आवश्यक हो तो दूसरे राज्य एक टीम को भेजकर ऑनलाइन परीक्षाफल प्रकाशन एवं मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में अपनायी गई प्रक्रिया के बारे में मालूम किया जा सकता है। इसके उपरांत माननीय कुलाधिपति के द्वारा सभी कुलपतियों के समस्याओं पर निदेश दिए गए ।

1. <u>तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर</u>

विश्वविद्यालय में पिछले डेढ़ वर्षों से नियमित कुलपति नहीं होने के कारण कई नीतिगत निर्णय जो सीनेट एवं सिंडीकेट के माध्यम से होना है नहीं हो पा रहा है।

माननीय कुलाधिपति ने कहा कि नियमित कुलपति की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है और उसे जल्द ही पूर्ण करा लिया जायेगा। यदि कोई नीतिगत निर्णय लेने में कठिनाई आ रही है तो राज्यपाल सचिवालय को प्रस्ताव भेजें ।

2. <u>मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर</u>

विश्वविद्यालय की जमीन चिन्हित कर ली गई है और इसकी अनुमति हेतु जिलाधिकारी के समक्ष भेज दिया गया है। सातवें वेतन सत्यापन के लिए शिक्षा विभाग भेजा गया है परन्तु अभी तक नहीं हो पाया है।

प्रतिउत्तर में निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा कहा गया कि लॉकडाउन के कारण सातवें वेतन निर्धारण में थोड़ा विलम्ब हो गया है परन्तु अब जिस–जिस विश्वविद्यालय का जैसे–जैसे प्रस्ताव आया है उसपर कार्य किया जा रहा है। सातवें वेतन निर्धारण में First come, first served नीति के आधार पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इसे पूर्ण करके विश्वविद्यालय को भेज दिया जायेगा।

3. <u>वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा</u>

विश्वविद्यालय में तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थवर्गीय पद सृजित नहीं होने के कारण बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जितने भी पद सृजित थे उनमें से अधिक लोग सेवानिवृत हो चुके हैं और फिर नियुक्ति प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। साफ–सफाई हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मी रखे जा रहे हैं जो प्रत्येक वर्ष बदल जाने के कारण कार्य सम्पादित करने में काफी कठिनाई हो रही है।

प्रतिउत्तर में निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा कहा गया विश्वविद्यालय द्वारा पद सृजित करने के प्रस्ताव को गंभीरता से लिया जा रहा है। पद सृजित करने की प्रक्रिया चल रही है और विभाग के उच्च स्तर के निर्णय के उपरांत जल्द ही पद सृजित कर इसकी सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी।

माननीय कुलाधिपति ने निदेशित किया कि यदि सफाई कर्मचारी से आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कराया जाता है तो संविदा अवधि को तीन वर्ष कर दिया जाए ताकि प्रत्येक वर्ष इन्हें बदलने की आवश्यकता न हो और साथ ही अवधि विस्तार की प्रक्रिया भी अपनायी जा सकती है।

4. **पटना विश्वविद्यालय, पटना**

पटना लॉ कॉलेज हेतु अतिथि शिक्षक की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार कराने की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाय।

प्रतिउत्तर में प्रधान सचिव ने कहा कि कुलपति के द्वारा प्राप्त प्रस्ताव पर यथाशीघ्र माननीय कुलाधिपति से इसकी अनुमती प्राप्त कर विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा ।

5. **मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना**

विश्वविद्यालय की जमीन पर हॉस्टल हेतु निर्माणाधीन भवन में यदि दो तल मिल जाते हैं, तो प्रशासनिक भवन को वहाँ स्थापित किया जा सके ।

प्रतिउत्तर में निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा कहा गया कि आप स्वयं इसकी समीक्षा कर लें यदि आप हॉस्टल में प्रशासनिक भवन चला पाएँगे तो इस संदर्भ में स्वयं विस्तृत समीक्षा कर प्रस्ताव उपलब्ध करावे ।

6. **कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा**

विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष पांचांग छपाता है जिसकी अनुमति माननीय कुलाधिपति से प्राप्त करना चाहेंगे।

प्रतिउत्तर में प्रधान सचिव ने कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालय से एक प्रस्ताव भेज जाए, जिसकी अनुमती माननीय कुलाधिपति से दिला कर सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी।

7. **पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया**

शिक्षा विभाग द्वारा वर्श 2018 में विश्वविद्यालय स्थापित होने के बाद से अब तक सिर्फ 2 करोड़ रूपये दिये गये हैं जिससे विश्वविद्यालय चलाने में काफी कठिनाई आ रही है।

प्रतिउत्तर में निदेशक, उच्च शिक्षा ने कहा कि विश्वविद्यालय उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये और साथ ही अपना डिमांड भी उपलब्ध कराये उसके उपरांत विश्वविद्यालय को दिये जाने वाले आवंटन पर शिक्षा विभाग द्वारा निर्णय लिया जाएगा । साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय को पूर्व में दी गयी राशि का अंकेक्षण (Audit) कराने हेतु निदेशित किया गया ।

धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

24/6/2020

(चैतन्य प्रसाद)
महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–बी.एस.यू.–49 / 2018– 1184 / रा०स०(I), दिनांक– 24-06-2020

**प्रतिलिपिः–**

1. बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति / प्रतिकुलपति / कुलसचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
2. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग / निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4. श्री विजय कुमार, तकनीकी निदेशक, राजभवन, पटना को वेबसाई पर अपलोड करने / गार्ड फाईल को संधारन हेतु ।

24/6/2020

महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार, पटना ।

# Attendance for the meeting of Academic and other activities of Universities on 15-06-2020 at 11:00 A.M. at Raj Bhavan, Patna.

286

File No.-BSU(Meeting)-49/18 (Part)-

| Sl. No. | Name & Designation | E-Mail I.D. | Mobile / Whatsapp No. | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **Additional Chief Secretary,** Department of Education, Bihar, Patna | | | |
| 2 | **Principal Secretary,** H.E. the Governor-Cum-Chancellor of Bihar | | | |
| 3 | Prof. H.N. Prasad<br>Vice Chancellor<br>**Patna University, Patna** | vc-pu-bih@nic.in | 9415336709 | [signature] |
| 4 | Prof. H.N. Prasad<br>Vice Chancellor<br>**Nalanda Open University, Patna** | vc-nou-bih@nic.in | 9415336709 | [signature] |
| 5 | ..............................<br>Vice Chancellor<br>**M.M.H Arabic & Persian University, Patna** | Khalid mirza1603@gmail.com | 9334337400<br>9945173280 | [signature] 15.06.2020 |
| 6 | ..............................<br>Vice Chancellor<br>**Aryabhatta Knowledge University, Patna** | [illegible]@gmail.com | 9835038228 | [signature] |
| 7 | ..............................<br>Vice Chancellor<br>**Purnea University, Purnea** | rsingh6361@gmail.com | 9415328399 | [signature] |
| 8 | ..............................<br>Vice Chancellor<br>**L.N. Mithila University, Darbhanga** | rsingh63@gmail.com | 9415383 99 | [signature] |
| 9 | ..............................<br>Vice Chancellor<br>**K S D Sanskrit University, Darbhanga** | do | -do | [signature] |

| Sl. No. | Name & Designation | E-Mail I.D. | Mobile / Whatsapp No. | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 10 | Gyananjai Dwivedi<br>Vice Chancellor<br>**B N Mandal University, Madhepura** | vc-bnmu-bih@nic.in | 9431888429 | 15/6/2020 |
| 11 | Shri Vinod Kumar Tiwari<br>Officer on Special Duty (Judicial)<br>Raj Bhawan, Patna | | [illegible] | [illegible] |
| 12 | Shri Ram Anugrah Narayan Singh<br>Additional Secretary<br>Raj Bhawan, Patna | | 9931229407 | 15/6/2020 |
| 13 | Director<br>Department of Education,<br>Bihar, Patna | bih.highesedu@gmail.com | 9771358398 | 15-06-2020 |
| 14 | Shri Mahabir Prasad Sharma<br>Officer on Special Duty<br>Raj Bhawan, Patan | | 9771654311 | 15-6-2020 |
| 15 | Shri R V S Parmar<br>Law Officer<br>Raj Bhawan, Patna | | | 15-06-20 |
| 16 | Shri Bijay Kumar<br>Technical Director,<br>NIC<br>Raj Bhawan, Patan | | 9431495404 | 15.06.2020 |
| 17 | S. K. Pathak<br>PRO to Governor<br>Rajbhawan Patna | skpathakpro@gmail.com | 9431283596 | 15/6 |